हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 29 दिसंबर 2025



06 सतपुड़ा वैली स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव...



07 एक दर्जन जोड़ों के बीच विवाह बंधन में बंधने पर...



### जाते वर्ष में सर्दी ढा रही सितम, आगामी दिनों में भी जारी रहेगा सर्दी का सितम

# पचमढ़ी में ओस की बूंदे जमकर बनी बर्फ तापमान गिरकर पहुंचा 3.6 डिग्री सेल्सियस

जाते हुए वर्ष में ठंड अपने पूरे शबाब पर है। पचमढ़ी में बीती रात ओस की बूंद बर्फ में तब्दील हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नए साल की शुरूआत के पहले पचमढ़ी सहित नर्मदापुरम जिले में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू है। हिमालय की बर्फीली चोटियों से आ रही उत्तरी हवाओं ने पूरे प्रदेश को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है। प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में ठंड ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है, जहां रविवार सुबह घास के मैदानों और गाड़ियों के कांच पर बर्फ की सफेद चादर बिछी नजर आई। जिसका पर्यटक लुफ्त ले रहे हैं।



**सर्द रात:** राजगढ़ के बाद सबसे सर्द पचमढ़ी की बीती रात रही।

**तापमान:** पचमढ़ी का अधिकतम तापमान 20.8 डिग्री रहा।

**नर्मदापुरम:** दिन भर रहा ठंड का असर पारा पहुंचा न्यू. 10.6 डिग्री

**बढ़ेगी ठंड:** मौसम विभाग के अनुसार जनवरी के शुरूआती दिनों तक ठंड ऐसे ही पड़ेगी।

### तापमान गिरने से मैदानों में जमी ओस की बूंदें

पचमढ़ी में तापमान में आई भारी गिरावट के कारण ओस की बूंदें बर्फ में तब्दील हो गईं। स्थानीय निवासियों और पर्यटकों ने सुबह खेतों और घास पर बर्फ जमी देखी, जो आमतौर पर हिमालयी क्षेत्रों में देखने को मिलती है। कड़ाके की ठंड के बावजूद इस मिनी कश्मीर का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

### उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं का असर

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, हिमालयी क्षेत्रों में हो रही भारी बर्फबारी के बाद वहां से सीधे जिले की ओर आ रही सर्द हवाओं ने प्रदेश के तापमान को तेजी से नीचे गिराया है। विशेषकर पहाड़ी और मैदानी इलाकों में इन दिनों जेट स्ट्रीम हवाओं का प्रभाव अधिक है। जिसके कारण कंपकपाने वाली सर्दी पड़ रही है।

### विभाग की आगामी दिनों के लिए चेतावनी

मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले 3-4 दिनों तक राहत की कोई उम्मीद नहीं है। ऐसे में पचमढ़ी में और जिले के अन्य पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों को खासी सर्दी का सामना करना पड़ेगा। हालाकि स्वास्थ्य विभाग ने सर्दी से बचाव के लिए पहले ही एडवायजरी जारी कर दी है। साथ ही स्वांस और दमा के मरीजों को सावधानी की सलाह दी।

### बढ़ रहा हार्ट स्ट्रोक और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा

सर्द हवा सिर्फ कंपकंपाती ही नहीं, दिल और दिमाग पर असर करती है। ठंड बढ़ने के साथ ही हार्ट स्ट्रोक और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। जिला अस्पताल की ओपीडी में बीपी हार्ड और शुगर से संबंधित मरीजों की संख्या तेजी बढने लगी है। इसी तरह निजी अस्पतालों में भी मरीज बढ़े है। जिला अस्पताल के क्लीनिकल कार्डयोलॉजिस्ट एवं जनरल फिजीनिशन डॉ सुनील जैन के अनुसार सर्दी के मौसम में ओपीडी में बीपी बढ़ने वाले मरीज अधिक आ रहे है। उन्होंने बताया कि ठंड के दिनों में धमनियों में सुकुड़न आती है जिसके कारण बीपी बढ़ने से हार्ट स्ट्रोक और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इन दिनों बीपी, हार्ड और शुगर के मरीज बढ़े है। इन दिनों लोग व्यायाम नहीं करते है जिसके कारण दिनदर्या धीमी हो जाती है। इसके साथ ही मानसिक तनाव के कारण भी समस्या आती है। डॉ सुनील जैन ने बताया कि इस मौसम में ब्लड प्रेशर और शुगर कि नियमित जांच कराना चाहिए। सुबह के समय ठंड में निकलने से बचे। भारी एक्सरसाइज की अपेक्षा हल्की-फुल्की एक्सरसाई करे। गर्म कपड़ों के बिना घर से बाहर न निकले। खानपान पर विशेष ध्यान दे। नियमित दवाएं लेते रहे। बीच न छोड़े। बिना डॉक्टर की सलाह के कोई दवा न ले। गुनगुना पानी पिए। धूप में अधिक समय बिताए का ध्यान रखे।

### तापमान में आया अंतर

पिछले एक सप्ताह के दौरान जिले में तापमान में उतार चढ़ाव बना हुआ है। शनिवार रविवार की दरम्यानी रात पचमढ़ी का न्यूनतम तापमान 1 डिग्री गिरावट के साथ 3.6 डिग्री दर्ज हुआ जिससे ओस बूंदे बफ बन गई। जो सामान्य से 2 डिग्री कम था वहीं अधिकतम तापमान 3.6 डिग्री गिरावट के साथ 20.8 डिग्री दर्ज हुआ। नर्मदापुरम का न्यूनतम तापमान.10.6 रहा।

## चर्च के शौचालय की खिड़की पर बना था स्वास्तिक चिन्ह

**चर्च ने हटाया, बोले हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हिन्दू धर्म के पवित्र प्रतीक चिन्ह स्वास्तिक को सदर बाजार स्थित सेंट चार्लस चर्च की शौचालय की खिड़की पर हिन्दुओं ने देखा तो बाहर भड़क गए और शाम 5 बजे हिन्दू संगठन बजरंग दल के कार्यकर्ता, पदाधिकारी चर्च परिसर में पहुंचे। इस दौरान विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि स्वास्तिक चिन्ह सनातन धर्म की आस्था की पहचान है। मंदिरों और घरों में पूजा स्थलों पर बनाया जाता है।

चर्च के शौचालय की खिड़की में चिन्ह लगाना हिन्दू धर्म का अपमान है। इस बीच नारे बाजी कर रहे हिन्दू संगठन के लोग व पुलिस के बीच कहा सुनी भी हुई। संगठन के लोगों का कहना था कि इसे हम तोड़ेगे। लेकिन पुलिस ने मामले को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने की बात कही।

करीब आधे घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद चर्च के सेवादारों ने हथौड़ी की मदद से शौचालय की खिड़की पर बना स्वास्तिक चिन्ह हटा दिया इसके बाद मामला शांत हुआ। इस दौरान हिन्दू संगठन से नीतेश खण्डेलवाल का कहना था कि सनातन धर्म का अपमान हम कब तक सहेंगे। वहीं चर्च की ओर से कहा गया कि शौचालय का निर्माण 2022 में हुआ था। हम सभी धर्मो का आदर करते हैं। अगर हमें जानकारी होती तो हम स्वयं ही चिन्ह को पहले ही हटवा देते।

स्वास्तिक चिन्ह हटाये जाने के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। जिसके बाद मामला शांत हुआ। फिलहाल घटना को लेकर सतर्कता बरती जा रही है।

## ऑल इंडिया एडवोकेट्स क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम प्लेट विजेता बनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सुप्रीम कोर्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया एडवोकेट्स क्रिकेट टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के टीम 13, साल बाद खेलने गई। जिसमे मध्य प्रदेश एडवोकेट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने नर्मदापुरम के अधिवक्ता दीपक तिवारी को टीम का कोच बनाया था और उनके प्रयासों से मध्य प्रदेश की टीम ने सुप्रीम कोर्ट, उत्तर प्रदेश हाई कोर्ट, मद्रास हाई कोर्ट की टीम को हराया और प्लेट फाइनल जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम में संपूर्ण मध्य प्रदेश के खिलाड़ी अधिवक्ताओं का ट्रायल से लेकर टीम चुनी थी। अधिवक्ता संघ सचिव मनोज जराठे ने बताया कि,फाइनल मैच में दीपक तिवारी ने ही मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय टीम की कप्तानी भी की है। इस ऐतिहासिक जीत पर वरिष्ठ अधिवक्ता एस एस ठाकुर, सुबोध तिवारी, जितेंद्र तिवारी, बसंत चौहान, केके जराठे आदि ने बधाई दी।

### 32 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन

**नर्मदापुरम।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। धान पंजीयन की अवधि 15 सितंबर 2025 से 10 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई थी, जबकि उपार्जन अवधि 1 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 2,24,099.91 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की बुवाई की गई है। पंजीयन कार्य हेतु 30 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए, जिनके माध्यम से कुल 32,388 किसानों का पंजीयन किया गया। इनमें से कुल पंजीकृत रकबा 91,693.89 हेक्टेयर रहा, जबकि 2,386 किसानों ने विभिन्न माध्यमों से पंजीयन कराया। ई-उपार्जन पोर्टल पर कुल 70 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## संगठनात्मक कार्ययोजना पर विस्तार की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका गुर्जर रविवार को नर्मदापुरम में संगठनात्मक प्रवास पर रहीं। इस दौरान उन्होंने नर्मदापुरम मंडल के शक्ति केंद्र क्रमांक 3 एवं नगर मंडल के शक्ति केंद्र क्रमांक 6 पर कार्यकर्ताओं एवं समिति सदस्यों के साथ बैठकें कीं बैठकों को संबोधित करते हुए डॉ. अलका गुर्जर ने भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह, जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना आदि शामिल रहे।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नर्मदापुरम।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में गत दिवस बालागंज बंसत टॉकिज के पास बीटीआई रोड नर्मदापुरम में प्रोटेक्ट टुडे, सिक्योर टुमारो थीम के साथ पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्तमान में पर्यावरण की रक्षा कर भविष्य को सुरक्षित बनाना था। इस अवसर पर पर्यावरणीय असंतुलन और बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की। बताया कि महानगरों में पेड़-पौधों की कटाई, जलवायु परिवर्तन, कचरा जलाना और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों के कारण स्थिति गंभीर हो गई है। आमजन से आह्वान किया कि वह पौधरोपण करें, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करें, प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों से बचें।

## भक्ति ही भगवान के अवतार का कारण है : पुष्कर परसाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



ईशान परिसर, नर्मदापुरम में आयोजित श्रीमद्भागवत के चतुर्थ दिवस के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत का रसपान कराते हुए भागवत भूषण आचार्य पुष्कर परसाई ने भरत चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मनुष्य देह दिव्य तप ओर भगवत साधना के लिए प्राप्त हुई है ।84 लाख योनियों में केवल मनुष्य देह में ही ब्रह्मानंद की प्राप्ति की जा सकती है। इसलिए इस देह से साधना करनी चाहिए।

आचार्य ने अष्टम स्कंध की गज ग्राह की कथा की विवेचना करते हुए कहा कि ग्राह माया के समान है गज जो है वह जीव का प्रतीक है गज-ग्राह प्रसंग से हमें ये शिक्षा मिलती है कि जो जीव सच्ची श्रद्धा से विश्वास के साथ भगवान् का स्मरण करता है प्रभु उसके संकट को हरने उसी क्षण उपस्थित हो जाते हैं आचार्य श्री ने गजेन्द्र मोक्ष स्तोत्र का महत्त्व बताते हुए कहा कि जो भी मनुष्य इसका नित्य पाठ करता है उसके जीवन में कभी संकट नहीं आते और लक्ष्मी की वृद्धि होती है इसके पश्चात भागवत भूषण आचार्य पुष्कर परसाई ने संगीतमय कृष्ण जन्म की कथा सुनाई।

## शताब्दी वर्ष में संघ की हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर वर्षभर विभिन्न बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सकल हिंदू समाज द्वारा हिंदू सम्मेलन के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को खेड़ापति धाम में संपन्न हुई।

बैठक में सतीश चौकसे, विभाग शारीरिक प्रमुख ने योजना के माध्यम से हिंदू सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सम्मेलन सामाजिक समरसता, सनातन एकता, अखंडता एवं हिंदू शक्ति के संगम को सुदृढ़ करने हेतु आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि नगर सेमरी हरचंद में हिंदू सम्मेलन आगामी 18 जनवरी को कृषि उपज मंडी प्रांगण में संपन्न होगा जिसका भूमि पूजन 2 जनवरी दिन शुक्रवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण में को किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के प्रमुख धर्माचार्य जनप्रतिनिधि एवं मातृशक्ति तथा ग्राम वासियों की उपस्थिति होगी।

सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु सर्वसम्मति से आयोजन समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष मालकजी पटेल उपाध्यक्ष लेखराम पटेल राकेश साहू सचिव मृदुल नाथ चौहान एवं कोषाध्यक्ष का दायित्व घनश्याम गोस्वामी को सौंपा गया।

### जिले के बूथों पर सुनी गई 'मन की बात'

**नर्मदापुरम।** जिले के बूथों पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्रद्धेय भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला के मार्गदर्शन में पार्टी कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 129वां एपिसोड सामूहिक रूप से सुना इस अवसर पर बूथ अध्यक्षों, मंडल पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

## पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण में कलश यात्रा के साथ विश्वकर्मा पुराण कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

नगर के पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण में पशु चिकित्सालय के पास विश्वकर्मा पुराण का आयोजन मां खेड़ापति मंदिर धाम सांगा खेड़ा रोड से कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ कलश यात्रा खेड़ापति मंदिर सांगा खेड़ा रोड से होकर पीपल चौक होते हुए पशुपतिनाथ मंदिर पहुंची जहां मंगलाचरण कलश पूजन एवं विप्र पूजन के पश्चात प्रथम दिन की कथा पंडित दीपक जी महाराज मारा गांव के श्री मुख से प्रारंभ हुई प्रथम दिवस की कथा में भगवान विश्वकर्मा के विषय में बताया कि भगवान



विश्वकर्मा प्रभास एवं भुवना के पुत्र थे उनकी पुत्री संज्ञा का विवाह सूर्य देव से हुआ था जिनके पुत्र नाल सेतु निर्माण में सहायक हुए।

**मस्ती-मनोरंजन के साथ रोशनी और सुरों से सराबोर है पचमढ़ी**

## पचमढ़ी महोत्सवः देश-दुनिया से आए सैलानी बॉलीवुड गानों की धुन पर जमकर थिरक रहे, टूरिज्म को मिल रही उत्सव से नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

हिल स्टेशन पचमढ़ी में इन दिनों 'पचमढ़ी उत्सव' की धूम मची है। सैलानियों पर उत्सव का ऐसा खुमार चढ़ा है कि हर कोई बस संगीत की मस्ती में डूबा नजर आ रहा है। बॉलीवुड गानों की बीट्स पर क्या बच्चे, क्या बड़े सभी जमकर थिरक रहे हैं।

### सैलानियों की भारी भीड़

देश-दुनिया से आए पर्यटक इस उत्सव का हिस्सा बनने के लिए बड़ी संख्या में आयोजन स्थल पर पहुँच रहे हैं। उत्सव स्थल पर बॉलीवुड के सुपरहिट गानों की धूम है। इन धुनों पर न केवल सैलानी बल्कि स्थानीय




**उत्साह का चरमः** पचमढ़ी उत्सव अपने पूरे शबाब पर है, जहां चारों ओर जश्न का माहौल बना हुआ है।

### मस्ती और मनोरंजनः

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि लोग किस तरह काम-काज की थकान भूलकर संगीत और नृत्य के सागर में गोते लगा रहे हैं।

रोशनी और सुरों से सराबोर हैं, जो पर्यटकों के लिए एक यादगार अनुभव साबित हो रही हैं। सीईओ हिमांशु जैन ने बताया कि उत्सव के दौरान आयोजित हो रहे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पर्यटकों के बीच बेहद लोकप्रिय हो रहे हैं। उन्होंने कहा, वर्तमान में चल रहे संगीत, लोक नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पर्यटक गहरी रुचि दिखा रहे हैं। बाहर से आने वाले सैलानियों के लिए यह उत्सव एक यादगार अनुभव साबित हो रहा है।

### पर्यटन को बढ़ावा और स्थानीय रोजगार

प्रशासनिक स्तर पर किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए सीईओ ने कहाः कि हमारा निरंतर प्रयास है कि जिले के सभी पर्यटन स्थलों को और अधिक सुविधायुक्त और बेहतर बनाया जाए। पचमढ़ी उत्सव इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

### मंत्रमुग्ध कर रहा है

पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना उत्सव, 'टूरिज्म' ही जिले की पहचान




सीईओ जिपं हिमांशु जैन सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में आयोजित 'पचमढ़ी उत्सव' अपनी सांस्कृतिक छटा से पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन ने मीडिया से चर्चा करते हुए उत्सव की सफलता और भविष्य की योजनाओं पर विशेष जानकारी साझा की।

### हेल्थ कैंप में 264 नागरिकों की हुई स्वास्थ्य जांच

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशानुसार एचआईवी/एड्स जैसे संक्रामक रोगों के प्रति जन-जागरूकता एवं रोकथाम के उद्देश्य से प्रियांशी एजुकेशनल कल्चरल सोसायटी, नर्मदापुरम की लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना अंतर्गत संपूर्ण सुरक्षा केंद्र द्वारा रसूलिया के महिमा नगर में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें पार्षद दुर्गेश चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। मेगा हेल्थ कैंप में कुल 264 नागरिकों की एचआईवी, सिफिलिस एवं हेपेटाइटिस की स्क्रीनिंग के साथ सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में डॉ. शुभम सरकार द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, वहीं काउंसलर प्रकाश चंद्र यादव एवं विवेक पटवा तथा लैब टेक्नीशियन राजेंद्र द्विवेदी द्वारा जांच एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं।

## स्वच्छता अभियान में जुटे कायस्थ समाज के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा हर रविवार को घाटों के किनारे स्वच्छता अभियान चलाया जाता है और शहरवासियों को संदेश दिया जाता है। रविवार को चित्रगुप्त घाट पर समाज के लोगों ने भारी मात्रा में इकट्ठा होकर सीढ़ियों पर जमा कपा बड़े पाइप की सहायता से धोया। किनारे से कचरा हटाकर डस्टबिन में डाला और परिसर की धुलाई की गई, जिससे परिसर चमक उठा। इस मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव, सुमन वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, ज्योति वर्मा, प्रीति खरे, लालता, सीबी खरे, मंजू श्रीवास्तव, जानकी, मनोज वर्मा, अशोक वर्मा ,विजय वर्मा, रश्मि, सक्षम वर्मा, रश्मि सक्सैना, पुरुषोत्तम मालवीय,



कैलाश, अदिति, गुड्डू वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे। स्वच्छता अभियान में रविवार को महिलाओं ने पाइप की सहायता से पूरे परिसर को चकाचक कराया और लोगों से कहा कि वे किनारों पर कचरा ना डालें और मां नर्मदा को स्वस्थ स्वच्छ रखें।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस पार्टी ने मनाया 140वां स्थापना दिवस



**शाहपुर।** ग्राम देशावाड़ी में कांग्रेस पार्टी का 140 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर की पूजा की और कांग्रेस पार्टी का झंडा वंदन किया गया। राष्ट्रगान किया गया। कांग्रेस पार्टी के 140 वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं के द्वारा साफ सफाई अभियान एवं वृक्षारोपण किया। पार्टी ने किस प्रकार जनता के लिए काम किया है, सभी मतदाताओं को बताया गया। जिसमें युवा कांग्रेस विधानसभा महासचिव संतोष हनोते, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कपूरिया, रामदीन हनोते, रामजी वरकडे, सरपंच कमल धुर्वे, उप सरपंच क्रेश भारतवर, रामकिशोर हनोते,मन्नू पंद्राम, दीपक वरकडे, मोनू धुर्वे, सागर वरकडे एवं अन्य वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

### कुशाभाऊ ठाकरे की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**बैतूल।** मध्यप्रदेश भाजपा के पितृ पुरुष एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, नपा अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर सहित सभी कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय विजय भवन के सामने स्थित कुशाभाऊ ठाकरे पार्क में एकत्रित होकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे एक सच्चे कर्मयोगी थे। गांव गांव में प्रवास कर भाजपा के संगठन गढने एवं एक आदर्श संगठन बनाने में उनका अद्वितीय योगदान रहा है।

### सड़क पर बेतरतीब खड़े रहते हैं वाहन, लग रहा बार-बार जाम

# कार्रवाई के बाद भी नहीं सुधर रही ट्रैफिक व्यवस्था, वाहन चालक परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

**शहर की सडक़ों पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों को ठीक से खड़ा नहीं किया जाता है, इससे जाम की स्थिति बनती है। दरअसल सडक़ों पर वाहन खड़े होने से दूसरे वाहन निकल नहीं पाते है। ऐसे वाहन चालकों पर यातायात विभाग द्वारा कार्रवाही की जाती है। लेकिन फिर भी यातायात व्यवस्था बेपटरी है।**

बताया जा रहा है कि शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में जो भी वाहन बेतरतीब खड़े होंगे, उन्हें समझाइश दी जाती है। इसके बाद भी वाहन चालक नहीं मानते है तो वाहनों को टो करने की कार्यवाही की जाती है। ताकि यातायात व्यवस्था बेहतर बन सके। यातायात प्रभारी गजेन्द्र कैन ने बताया कि शहर के कुछ चुनिंदा स्थानों पर वाहनों को टो करने की कार्रवाई की गई है। जिसके लिए पहले वाहन चालक को अलाउंस करके वाहन हटाने की समझाइश दी जाती है, इसके बाद भी यदि वाहन चालक वाहन नहीं हटाते है तो वाहनों को टो कर यातायात नियमों के उल्लंघन के तहत कार्रवाही करते है। श्री कैन ने बताया कि 10 से 15 वाहनों को टो कर चालानी कार्यवाही की गई है। आगामी दिनों यह कार्रवाही निरंतर जारी रहेगी। जिससे शहर की यातायात व्यवस्था का सुचारू बनी रहेगी और लोगों को भी सडक़ों पर जाम जैसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा।

#### इन स्थानों पर बेतरतीब खड़े रहते है वाहन

शहर के कुछ चुनिंदा स्थान है, जो यातायात की दृष्टि से बेहद ट्रॉफिक वाले क्षेत्र है। लेकिन यहां भी लोग अपने वाहन सडक़ पर या किनारे लगाकर घंटो खरीदी करते है। जिसकी वजह से दूसरे वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं मिलती है और जाम की स्थिति बनती है। शहर में खासकर गंज क्षेत्र में रेलवे स्टेशन, बापू की कटौरी, लल्ली चौक से थाना चौक के बीच, बस स्टैंड, बस स्टैंड, कोठीबाजार सहित अन्य स्थान है, जहां लोग अपने वाहन बेतरतीब खड़े करते है। इन स्थानों पर हालात यह है कि जिसका जहां मन किया, वाहन खड़े कर देते है। कोठीबाजार लल्ली चौक पर बस स्टैंड जाने वाले मार्ग, आईसीईएन होटल, टांगा चौक गंज पर वाहनों के सडक़ पर खड़े होने से यातायात व्यवस्था बिगड़ती है।

#### साप्ताहिक बाजार वाले दिन सबसे ज्यादा परेशानी

शहर के मुख्य बाजार सडक़ किनारे संचालित होते है। जिससे अक्सर बाजार वाले दिन यातायात व्यवस्थाएं पूरी तरह ध्वस्त हो जाती है। हालात यह है कि सदर बाजार में वाहन चालक गलत तरीक से सडक़ किनारे वाहन खड़ा करते है। यहीं हाल कोठीबाजार क्षेत्र का भी है। यहां भी वाहनों के खड़े होने के कारण बार-बार यातायात व्यवस्था बिगड़ती है। खासकर कमानी गेट पर बाजार वाले दिन तो हालात ऐसे बन जाते है कि सभी दिशाओं से आने वाले वाहन एक-दूसरे के सामने खड़े हो जाते है। इसके पीछे कारण भारी वाहनों का असमय प्रवेश है। जबकि यातायात विभाग ने भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर समय भी निर्धारित किया है, लेकिन प्रतिबंध के बोर्ड को अनदेखा कर भारी वाहनों का प्रवेश होता है। जिससे यातायात व्यवस्था बिगड़ती है।

#### वाहनों के खड़े रहने से सिकुड़ जाती है सड़के

वाहनों को सडक़ों पर गलत तरीके से खड़ा किये जाने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनती है। वाहन चालक सडक़ पर वाहन खड़ा कर देते है। जिसकी वजह से सडक़ की चौड़ाई सिकुडक़र कम रह जाती है। ऐसे में यदि बड़ा वाहन आ जाये तो निकलने तक की जगह नहीं बनती है। इससे जाम लगता है। बस स्टैंड के सानमे वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़ा किया जाता है। हालत यह है कि यहां पर सडक़ पर भी वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। सबसे खराब स्थिति दिनभर यहीं पर बनती है। इसके अलावा लल्ली चौक के पास तालाब के सामने जहां मन आता है, वहीं बाइक खड़ी कर दुकान में खरीदी करने चले जाते है। इस रोड पर भी वाहनों का अधिक दबाव रहता है। कोठीबाजार मस्जिद के पास भी यहीं हाल है। सब्जी और फलों के ठेले सडक़ किनारे खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे व्यवस्था हर रोज खराब होती है।

> **की है कार्रवाई**
> गाड़ी को टो करने के पहले अलाउंस किया जाता है। फिर भी यदि समय पर वाहन चालक गाड़ी नहीं हटाते है तो वाहन को टो किया जाता है। वैसे यह स्थिति बहुत की कम बनती है। अभी तक 10-15 वाहनों को टो कर यातायात नियमों के उल्लंघन के तहत चालानी कार्यवाही की है।
> **- गजेन्द्र केन**, यातायात प्रभारी, बैतूल

## सरदार पटेल की मूर्ति लगाने को लेकर बैठक आयोजित



**शाहपुर।** रविवार को सरदार पटेल कुर्मी समिति शाहपुर द्वारा विजय मंगल भवन में सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें घोड़ाडोंगरी और शाहपुर क्षेत्र के समस्त गाँव के सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति लगाने पर विचार विमर्श करना था। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर सरदार पटेल की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर शाहपुर नगर पारिषद के अध्यक्ष रोहित विक्की नायक, उपाध्यक्ष पम्मी छोटू राठौर, कमल परसाई और कुर्मी कुड़मी महासभा समाज के अध्यक्ष श्रीकेश पटेल का शाल और श्रीफल से स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में अध्यक्ष रोहित विक्की नायक ने कुर्मी समाज के लोगों की विकास की सराहना की। बैठक में सामाजिक बंधुओं द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा लगाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मंच संचालक शिक्षक त्रिभुवन वर्मा, उपाध्यक्ष रामावतार वर्मा, लक्ष्मीकांत वर्मा,सचिव रामावतार वर्मा, दुर्गा वर्मा, रमेश वर्मा, राधेलाल घनकारे, लीलादास सिनोटिया , कन्हैयालाल वर्मा, रमेश वर्मा .रामअवतार वर्मा (उपाध्यक्ष) अशोक पटेल, श्रीपत वर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## जिले के राजनीतिक इतिहास में पहली बार बूथ-बूथ पहुंचा कांग्रेस का संदेश

### जिले के 1758 बूथों पर एक साथ फहरा कांग्रेस का झंडा



**बैतूल।** बैतूल जिले के राजनीतिक इतिहास में पहली बार कांग्रेस ने अपना 140वां स्थापना दिवस जिले के सभी 1758 पोलिंग बूथों पर एक साथ मनाकर संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन किया। 28 दिसंबर को जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में सार्वजनिक स्थलों और बूथ कार्यालयों पर कांग्रेस का ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान जन-गण-मन के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। स्थापना दिवस को औपचारिक कार्यक्रम न रखते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा स्वयं बैतूल नगर के जवाहर वार्ड स्थित बूथ पर पहुंचे और पार्टी का संदेश पढक़र सुनाया। वहीं संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे ने मुलताई में बूथ स्तर पर स्थापना दिवस मनाते हुए संदेश वाचन किया। जिले के प्रत्येक बूथ पर बी.एल.ए. या वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष का संदेश पढ़ा गया। संदेश में कहा गया कि 28 दिसंबर 1885 को अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी का गठन हुआ। कांग्रेस का स्थापना दिवस उस लंबी संघर्ष यात्रा की याद है, जिसने देश को आजादी, संविधान और स्थिर लोकतंत्र दिया। 1920 के बाद महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह, दांडी मार्च और भारत छोड़ो आंदोलन जैसे ऐतिहासिक संघर्षों ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी।

## सतपुड़ा वैली स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव रन राइज एंड रीजॉइस का रंगारंग समापन



**बैतूल।** प्रतिष्ठित स्कूल सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस रन राइज एंड रीजाइस का आयोजन बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि निलय डागा, दीपाली निलय डागा एवं स्कूल प्राचार्या डॉ. रीतु बाजपाई ने दीप प्रज्वलन कर की। मुख्य अतिथि निलय डागा ने अपने उद्बोधन में कहा, छात्र-छात्राओं का उज्वल भविष्य इस शिक्षा का आधार है। किताबी ज्ञान के साथ-साथ शारीरिक शिक्षा छात्रों के जीवन में एक अहम स्थान रखती है। शारीरिक शिक्षा हमारे शरीर को स्वस्थ रखने के साथ ही हमारे मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह हमें अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व की क्षमता सिखाती है। आज के इस प्रतिस्पर्धा भरे युग में, शारीरिक रूप से मजबूत और मानसिक रूप से स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए, मैं सभी छात्रों से आग्रह करता हूं कि वे खेलों में बढ़-चढक़र भाग लें और अपने जीवन को सफल बनाएं। किताबी ज्ञान और शारीरिक शिक्षा का संगम ही हमें जीवन में सफलता की ऊचाइयों तक पहुचाता है। संबोधन में कहा, खेल हमें जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों जैसे टीमवर्क, अनुशासन और परिश्रम की सीख देते हैं। मुख्य अतिथि ने अंडर 19 क्रिकेट में राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र तनिस सिंग सोलंकी एवं स्कूल के छात्र जिन्होंने विभिन्न खेलों में राज्यस्तर पर स्कूल का प्रतिनिधित्व किया उन्हें सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि एवं निर्देशिका दीपाली डागा का प्रेरणादायक संदेश ने बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा, जीतना महत्वपूर्ण नहीं है, खेल भावना से खेलना महत्वपूर्ण है। दीपाली डागा जी ने कहा,शिक्षा और संस्कार का महत्त्व खेलों से जोडक़र देखना बहुत जरूरी है। खेल हमें जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों जैसे टीमवर्क, अनुशासन और परिश्रम की सीख देते हैं। इस तरह के आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। मैं इस आयोजन के लिए सभी आयोजकों और बच्चों को शुभकामनाएं देती हूं।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी आकर्षक प्रस्तुतियां हुईं। कैम्ब्रिज विंग के छात्रों ने हूला हूप के साथ साड़ी ड्रिल, फ्लैग ड्रिल और योग की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं ईवाई विंग के छात्रों द्वारा फ्लॉवर ड्रिल प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में एक साथ 300 बच्चों ने विश्व के विभिन्न देशों के राष्ट्रीय खेलों का प्रदर्शन किया, जबकि 500 छात्रों की सामूहिक प्रस्तुतियों ने सतपुड़ा वैली के खेल मैदान को रंगीन कर दिया। इन शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अभिभावकों की भी बड़ी भागीदारी रही, उनके लिए भी विभिन खेलो का आयोजन किया गया सभी पालकगणो ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मंच संचालन स्कूल के ईवाय के छात्रों से लेकर आठवीं के छात्रों ने प्रभावी रूप से किया। सतपुडा परिवार ने सभी पालकों का आभार माना।

## स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा नाबालिग के अपहरण-दुष्कर्म मामले में महिला को सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल की स्पेशल पॉक्सो अदालत ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म में सहयोग करने वाली एक महिला को दस साल कैद की सजा सुनाई है। यह घटना सारणी क्षेत्र में हुई थी, जहां नाबालिग को अगवा कर नागपुर ले जाया गया था। इस मामले के मुख्य आरोपी और एक अन्य व्यक्ति अभी भी फरार हैं।

यह घटना वर्ष 2023 के अगस्त महीने में हुई थी। पीड़िता अपने खेत पर गाय चरा रही थी, तभी आरोपी अनिता वहां पहुंची। अनिता ने पीड़िता को धमकी दी कि यदि उसने कमल से फोन पर बात नहीं की तो उसे मार डालेगी। धमकी से डरकर पीड़िता ने कमल से बात की। कमल ने उसे प्राइमरी स्कूल के पास आने को कहा। थोड़ी देर बाद आरोपी कमल अपने साथी आशीष के साथ कार लेकर वहां पहुंचा। वे पीड़िता को जबरन कार में बैठाकर बैतूल ले आए। बैतूल में पीड़िता को एक निर्माणाधीन इमारत में रखा गया। जब कमल वहां से चला गया, तो आशीष ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। बाद में कमल वापस आया और पीड़िता को नागपुर ले गया, जहां उसे 8-10




दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया। अभियोजन के अनुसार, इस बीच बालिका के अपहरण की शिकायत दर्ज होने पर पुलिस सक्रिय हो गई। अनिता ने कमल को फोन कर बताया कि पुलिस पीड़िता को ढूंढ रही है और उसे वापस ले आए। उसने कमल को पीड़िता को बेचने से भी मना किया। बालिका के लौटने पर पुलिस ने उसके बयान दर्ज किए, जिससे पूरे घटनाक्रम का खुलासा हुआ। पीड़िता ने पूरी आपबीती पुलिस को बताई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी कमल और आशीष का सहयोग करने के आरोप में अनिता को गिरफ्तार किया था। स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने अनिता को धारा 370 के तहत 10 साल की कैद, पॉक्सो एक्ट की धाराओं में 5 साल और अपहरण के आरोप में 3 साल की सजा सुनाई है। इस मामले के मुख्य आरोपी कमल और आशीष अभी भी फरार हैं।

### 34 साल का समर्पित सेवाकाल हमेशा याद रहेगा

## जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से कल सेवानिवृत्त होंगे योजना अधिकारी सुबोध

**बैतूल।** सांसद हो या विधायक या प्रशासनिक अधिकारी, सबके जुबान पर एक शख्सियत का नाम हमेशा रहता है, वह व्यक्ति है सुबोध शर्मा। इन सब के द्वारा उनको महत्व देने का मुख्य कारण है उनका सरल व्यवहार एवं सौंपे गए कार्यों तथा निर्देशों का त्वरित पालन कर बेहतर तरीके से कार्य संपादित करना। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में योजना अधिकारी के पद पर कार्यरत मधुरभाषी एवं कार्य के प्रति



बेहद समर्पित सुबोध शर्मा 34 वर्ष की अपनी सरकारी सेवाओं को 31 दिसंबर को विराम दे रहे हैं। पुलिस विभाग में पब्लिक प्रॉसिक्यूटर रहे स्व. रामबहादुर शर्मा एवं गृहणी कुमुद शर्मा के पुत्र सुबोध शर्मा ने अपनी प्राथमिक से लेकर स्नातक स्तर तक की शिक्षा ग्वालियर चंबल संभाग से पूरी की। इस दौरान माध्यमिक स्कूल की दो वर्ष की पढाई शाउमा. विद्यालय बैतूल जो वर्तमान में उत्कृष्ट विद्यालय, से प्राप्त की। स्नातकोत्तर उपाधि शास जेएच कॉलेज से प्राप्त की। 11 नवंबर 1992 को शासकीय उमा. विद्यालय बोरगांव, बैतूल से व्याख्याता के पद से अपनी सरकारी सेवा की शुरुआत की। अगस्त 1994 में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक संचालक (औपचारिकेत्तर शिक्षा) के पद से प्रशासनिक क्षेत्र में कदम रखा, इसके बाद प्रशासक एम.आई.एस.,विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक,जिला परियोजना समन्वयक, जिला परीक्षा प्रभारी, मीडिया प्रभारी जैसे जिम्मेदार पद को सफलतापूर्वक संभालते शिक्षा विभाग में योजना अधिकारी के महत्वपूर्ण पद से अब सेवानिवृत हो रहे हैं।

> **वरिष्ठों-कनिष्ठों से उर्जा मिली**
> शर्मा बताते है कि उनके विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हमेशा स्नेह मिला। इस आत्मीय सहयोग के कारण ही वे पूरी ऊर्जा के साथ काम को अच्छी तरह से संपादित कर पाने में सफल रहे, परिवार से मिले संस्कारों के कारण ही ईमानदारी के उच्चतम शिखर तक पहुंचे। उन्हे मीडिया साथियों से भी स्नेह व सहयोग मिलने से सरकारी योजनाओं का खूब प्रचार-प्रसार कर पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने में सफल रहे। श्री शर्मा बताते है कि मानव स्वभाव की प्रमुख कमजोरी नींद और भोजन दोनों के प्रति शुरू से ही अनासक्ति का भाव रहा। सेवानिवृत्ति के उपरांत भी उनका शिक्षा विभाग के प्रति सहयोग का कर्तव्य हमेशा बरकरार रहेगा। उन्होने अपने सभी वरिष्ठजनों से मिलने वाले मार्गदर्शन एवं कनिष्ठों के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

#### हमेशा नवाचार करने का रहा शौक

हरिभूमि से चर्चा करते हुए शर्मा ने बताया कि उन्हे नवाचार करते रहने की ललक बनी रही। जिले में शिक्षा विभाग में सर्वप्रथम कंप्यूटरीकृत कार्य को उन्होने अपने मार्गदर्शन में शुरू करवाकर लगातार प्रोत्साहित किया। उनका आधुनिकतम टेक्नोलॉजी के प्रति भी विशेष रुझान है। श्री शर्मा ने बताया कि वे हमेशा टेबल के दूसरी ओर खड़े व्यक्ति को समझने के लिए प्रयत्नशील रहे। वंचित समूह, कमजोर वर्ग के आवश्यकता वाले व्यक्तियों के लिए सुलभ उपलब्धता का प्रयास किया। शिक्षा विभाग में जिले की अलग पहचान स्थापित करने हेतु सदैव सक्रिय रहे।

### नपा दफ्तर को कुछ कर्मचारियों ने बनाया कुश्ती का अखाड़ा, तो कोई पहुंचा पुलिस की शरण में

# आम जनता के काम छोड़ नपा कर्मचारी ठेकेदार के पास कर रहे तराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

बीते कई वर्षों से बमुश्किल लडख़ड़ा कर चल रही आमला नगर पालिका में गुजरता वर्ष कई तरह के अवसाद विवाद और फसाद भी नगरपालिका को देकर जा रहा है। यहां अब ऐसा लगने लगा है मानो नपा का कोई रखवाला ही नहीं है, बीते कुछ दिनों से यहां सब कुछ अनियंत्रित सा घट रहा है, जिससे पूरे शहर में चर्चाओं को खूब बल मिल रहा है।जैसा कि बताया जा रहा है कि नपा में अगर शीघ्र ही बेहतर व्यवस्थाएं नहीं की गई तो यहां हालात और भी खराब हो सकते हैं और उसके कई कारण संभावित हैं।

#### प्रकरण 1. जनता की सुनवाई कम फटकार ज्यादा

बीते कुछ दिनों से जैसा कि देखा जा रहा है कि शहर के लगभग सभी इलाकों में विभिन्न समस्याएं विकराल होती जा रही है, किंतु नगर पालिका आमला के जिम्मेदारों द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही है, हालात इस कदर भी खराब हो चुके हैं,कि यहां आम जनता की सुनवाई तो दूर जब यहां लोग अपने नए नल कनेक्शन का पैसा जमा करने भी पहुंच रहे हैं तो उनसे अभद्रता की जा रही है, इसके अलावा भी आम लोग नपा में नपाकर्मियों के खराब व्यवहार की शिकायत करते रहे हैं।

#### प्रकरण क्रमांक 2. नपा अधिकारी ने की कर्मचारी की शिकायत

ताजा मामले में नगर पालिका में राजस्व निरीक्षक के पद पर नियुक्त दिलीप सोनपुरे कि नपा अधिकारी ने थाने में शनिवार को लिखित शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि दिलीप सोनपुरे ने नपा अधिकारी को वेतन संबंधी मामले को लेकर मोबाइल पर अभद्र तरीके से मैसेज और धमकी नुमा मैसेज किए हैं। जिस पर नपा अधिकारी ने राजस्व निरीक्षक को नोटिस देकर आमला थाने में लिखित शिकायत की है। हालांकि यह बात भी सही है कि बीते कुछ समय से नपा में कर्मचारियों के वेतन अनियमितता के मामले को लेकर विवाद चल रहा है।



#### प्रकरण क्रमांक 3. ठेकेदार के कार्य स्थल पर तराई करता दिखा कर्मचारी

दरअसल हमारे पास एक ऐसी तस्वीर आई है जो बेहद हैरान करने वाली है। यहां न्यायालय के सामने दो करोड़ की लागत से नपा भवन का काम चल रहा है, अपने शुरुआती दिनों से ही यहां निर्माणाधीन नपा भवन काफी सुर्खियों में रहा है। अब यहां नपा का वरिष्ठ कर्मचारी ठेकेदार द्वारा किए जा रहे निर्माण स्थल पर तराई करता दिखाई दे रहा है, यहां ये भी बताया गया है कि नपा कर्मी केवल तराई ही नहीं कर रहा है,बल्कि नपा द्वारा ठेकेदार को पानी और बिजली भी नपा ही उपलब्ध करा रहा है, इसको लेकर भी लोग सवाल उठा रहे हैं, और पूछ रहे हैं कि ये रिश्ता क्या कहलाता है।

#### प्रकरण क्रमांक 4.बीते सप्ताह कर्मचारी ही दफ्तर में उलझे

अभी बीते सप्ताह नपा के दो वरिष्ठ कर्मचारी किसी बात को लेकर यहां आपस में ही गुत्थम गुत्था हो गए थे, उस दौरान नपा दफ्तर में नपा अध्यक्ष और नपा अधिकारी सहित कई लोग उपस्थित थे, जिससे दफ्तर की सुर्खियां बाहर तक पहुंच गई थी। अब जिम्मेदारों के सामने ही जब कर्मचारी नियंत्रण में नहीं है, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि नपा दफ्तर अब किस तरह अनियंत्रित होता जा रहा है।

> **चर्चा की जाएगी**
> कुछ मामले की जानकारी मिली है सोमवार को पूरे मामले पर चर्चा की जाएगी कर्मचारियों के बारे में पता चला है उसका भी शीघ्र निराकरण किया जा रहा है।
> **नितिन गाडऱे**, नगर पालिका अध्यक्ष आमला

## ग्राम पंचायत कलमेशरा में उपचुनाव आज

**सोहागपुर।** ग्राम पंचायत कलमेशरा में सरपंच पद के लिए उपचुनाव सोमवार को होगा। जिसके लिए तीन मुख्य एवं दो रिजर्व दल नियुक्त किए गए हैं। कुल तीन मतदान केंद्र बनाए रहे हैं। निर्वाचन के लिये मतदान केंद्र क्रमांक 103 कलमेशरा, मतदान केंद्र क्रमांक 104 कलमेशरा एवं मतदान केंद्र क्रमांक 105 हीरापुर बनाए गए हैं। जिनमें क्रमशः 540, 391 और 550 मतदाता हैं। कुल मतदाता 1481 हैं, जिनमें 762 पुरुष मतदाता एवं 719 महिला मतदाता है। कुल दो प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम बंद हो जायेगा। तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े ने कहा कि मतदान सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक होगा।

## लागोरी संघ से चयनित खिलाड़ी चेन्नई रवाना

**सोहागपुर।** मध्य प्रदेश लागोरी संघ द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों से खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित टीम 28 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक चेन्नई में राष्ट्रीय लागोरी प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों के होनहार खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी प्रदेश की खेल प्रतिभा का प्रदर्शन राष्ट्रीय मंच पर करेंगे। टीम के साथ कोच दशरथ कुमार, मैनेजर शिवम दुबे, बालिका वर्ग कोच अंशाली छाबड़िया रहेंगे।

### स्थापना दिवस पर गांधी स्टेडियम में महात्मा गांधी को किया सूत अर्पित

# कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर इटारसी में निकाली सद्भावना रैली, वरिष्ठों का सम्मान किया

कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 140वें स्थापना दिवस के गरिमामय अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर में सद्भावना रैली का आयोजन किया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने एकजुटता का संकल्प लेते हुए पार्टी के गौरवशाली इतिहास को याद किया और भविष्य के संघर्षों के लिए हुंकार भरी। कार्यक्रम का शुभारंभ जयस्तंभ चौक से हुआ, जहां नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने उपस्थित सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का पुष्पहारों से आत्मीय सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष अजय शुक्ला, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नीलम गांधी और जिलाध्यक्ष गुड्डन पाण्डेय, सुरेन्द्र राजपूत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने कांग्रेस के 140 वर्षों के संघर्षपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह पार्टी ने देश की आजादी और राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाई है। सद्भावना रैली जयस्तंभ चौक से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होती हुई गांधी स्टेडियम पहुंची। यहां सभी कांग्रेसजनों ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर सूत की माला चढ़ाकर और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया। संचालन युवक कांग्रेस प्रवक्ता गुफरान अंसारी ने किया। कमरे की राजनीति छोड़ सडक़ों पर उतरें नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब हमें कमरे की राजनीति से बाहर निकलकर सडक़ों पर उतरना होगा।

उन्होंने आह्वान किया कि भ्रष्टाचार और बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस अब निर्णायक लड़ाई लड़ेगी।

### कांग्रेसियों ने मनाया कांग्रेस व सेवादल का स्थापना दिवस

**सोहागपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस व कांग्रेस सेवादल के 102 वें वर्ष पर रविवार को सोहागपुर में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। यह आयोजन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और कांग्रेस द्वारा किये गए देशहित के कार्यो पर वक्ताओं ने जानकारी दी। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर सिंह ठाकुर ने वरिष्ठ कांग्रेसजनों का सम्मान किया। आयोजन में वरिष्ठ कांग्रेसी लक्ष्मी नारायण सोनी, चंद्रकांत चौरसिया, मंगल सिंह रघुवंशी, पुष्पराज सिंह पटेल, बांके शर्मा, मकबूल हुसैन, अभिलाष सिंह चंदेल, आलोक जायसवाल, राकेश चौधरी, गजेंद्र चौधरी, चुन्नीलाल मुद्गल, मंजेश पटेल, अर्पित तिवारी, ऋषभ दीक्षित, आजाद सिंह पटेल, भास्कर मांझी, देवांशु शर्मा, कार्तिक शर्मा, इरफान ख़ान, प्रतीक तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## नर्मदापुरम-पिपरिया हाईवे पर शराब से भरा ट्रक सड़क से नीचे उतरा

**64 लाख रुपए की अवैध शराब परिवहन का बनेगा प्रकरण**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के समीप ग्राम करनपुर के पास स्टेट हाईवे पर अंग्रेजी शराब से भरा एक ट्रक रविवार सुबह सड़क से नीचे उतर गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और देखा कि ट्रक के अंदर काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब भरी हुई है। जिसे दूसरी गाड़ी में रख दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया गया है। ट्रक के ड्राइवर और हेल्पर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### वैध या अवैध? हो रही जांच

मामले में शराब वैध है या अवैध, इसकी जानकारी जुटाने पुलिस जांच में जुट गई है। जल्द ही पूरे मामले की जानकारी पुलिस द्वारा दी जाएगी। फिलहाल शराब अवैध है या अवैध इसकी पुष्टि पुलिस द्वारा नहीं की गई है। ट्रक में लगभग पांच से छह लाख रुपए की शराब होने की संभावना बताई जा रही है। सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान के अनुसार जांच की जा रही है कि शराब की खेप कहां ले जाई जा रही थी व पुलिस जांच कर रही है। शाम छह बजे तक शराब परिवहन के संबंध में कैई जानकारी नहीं मिल सकी थी।

**बना रहे प्रकरणः** 64 लाख रुपये की शराब ट्रक में मिली है। कहां ले जा रहे थे, इसकी जानकारी नहीं मिली है। आबकारी एक्ट के तहत अवैध शराब परिवहन का मामला बन रहा है।

**-संजू चौहान, एसडीओपी, सोहागपुर।**

## मालवीय ब्राह्मण समाज द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज संगठन महिला मंडल के तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें निशुल्क रूप से आंखों एवं फेफड़ों की जांच की गईं। महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना राजेश मालवीय ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ गौरव मालवीय एमडी आयुर्वेद बैतूल, डॉ हिमांशु मालवीय आयुर्वेदाचार्य बैतूल एवं डॉ गोल्डी सक्सेना आयुर्वेदाचार्य इटारसी ने लगभग 200 मरीजों का स्वस्थ परीक्षण किया गया। त्वचा विकार, ब्लड प्रेशर, मधुमेह जैसी बीमारी की जांच चिकित्सकों के द्वारा की गई। आंखों की जांच, मशीनों के द्वारा जयेश राव भारत ऑप्टिकल एवं फेफड़ों की जांच, सत्यम ठाकुर जबलपुर के द्वारा की गई। शिविर का आयोजन आनंद पब्लिक स्कूल मालवियागंज में किया गया।शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजन से किया।

दीप प्रज्वलन नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, मालवीय समाज के संरक्षक जीपी मालवीय, डॉ गौरव मालवीय एमडी आयुर्वेद बैतूल, डॉक्टर हिमांशु मालवीय आयुर्वेदाचार्य बैतूल एवं डॉ गोल्डी सक्सेना आयुर्वेदाचार्य एवं महिला मंडल अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों द्वारा किया गया। शिविर में विशेष रूप से नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, विश्व हिंदू परिषद से अनिरुद्ध चंसौरिया, पत्रकार अनिल मिहानी, आनंद पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल अभिताभ बेस, बीजेपी महिला मोर्चा अध्यक्ष जागृति भदोरिया सहित श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज इटारसी के सभी वरिष्ठ मंडल सदस्य उपस्थित रहे।

## जमानी रोड पर अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, सिवनी मालवा के 4 युवक घायल, कुत्ते को बचाने के चक्कर में हुआ था हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

तिलक सिंदूर-जमानी रोड पर रविवार शाम एक भीषण सडक़ हादसा हो गया। माना गांव के पास एक तेज रफ्तार कार अचानक सामने आए कुत्ते को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई और सडक़ किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार पांचों युवक घायल हो गए हैं, जिनमें से चार की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना रविवार शाम करीब 5 बजे की है। कार काफी तेज गति में थी, तभी अचानक सडक़ पर एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद कार सीधे पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और पास ही स्थित एक गहरे गड्ढे में समा गई।



**ग्रामीणों और पुलिस ने किया रेस्क्यूः** हादसे की सूचना मिलते ही एफआरवी-10 और 108 एम्बुलेंस तत्काल मौके पर पहुंचीं। डायल-112 में तैनात एएसआई चतुरसिंह काकोडिय़ा और एफआरवी पायलट राजेश ठाकुर ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद घायलों को कार से बाहर निकाला। सभी घायलों को तुरंत इटारसी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, कार में सवार सभी पांचों युवक सिवनी मालवा के निवासी हैं। घायलों की पहचान मोहित पिता सुनील गौर, मयंक पिता दिनेश कुशवाह, अनुज पिता अशोक कुशवाह, हार्दिक पिता अशोक कुशवाह के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, कार चालक के दोनों पैर टूट गए हैं। अन्य तीन युवकों को भी सिर और शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम घायलों के उपचार में जुटी है। एएसआई चतुरसिंह काकोडिय़ा ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर मामला दर्ज कर लिया है।

## अखंड राजपूताना सेवा समिति की बैठक देवाशीष गार्डन में संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अखंड राजपूताना सेवा समिति की बैठक रविवार को देवाशीष गार्डन में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। बैठक में वरिष्ठ समाजजन प्रमोद सिंह सोलंकी, मनोज सिंह सोलंकी, राहुल सिंह, लखन बैस सहित युवा वर्ग की उपस्थिति रही। स्वागत उद्बोधन सेवा समिति के जिला अध्यक्ष हरपाल सिंह सोलंकी ने दिया। उन्होंने कहा कि वर्षभर संचालित होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना आज की बैठक का मुख्य उद्देश्य है।कार्यक्रम का संचालन मनीष सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि समिति समाज की एकजुटता, सेवा और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर कार्य करेगी तथा राजनीति से परे रहकर समाजहित में कार्य करेगी।बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष समाज द्वारा महाराणा प्रताप जयंती, कबड्डी प्रतियोगिता, प्रतिभा सम्मान समारोह, परिचय सम्मेलन एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मोती सिंह राजपूत ने आगामी कबड्डी प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। अंत में आभार प्रदर्शन युवा शाखा जिला अध्यक्ष शशांक (गोल्डी) बैस ने किया। उन्होंने बताया कि आगामी कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की जिम्मेदारी राजपूत महिला शक्ति को दी जाएगी।

## मैदान पर दिखा नन्हे फुटबॉलरों का दम, फाइटर फुटबॉल क्लब की 9 ए साइड प्रतियोगिता शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के खेल मैदानों में एक बार फिर फुटबॉल की गूंज सुनाई दे रही है। फाइटर फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में आयोजित अंडर-14 और अंडर-17 (9 ए साइड) फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के पहले ही दिन स्थानीय प्रतिभाओं ने अपने कौशल और ऊर्जा से दर्शकों का दिल जीत लिया।

रविवार के मैचों में होशंगाबाद जिले की कुल 7 प्रतिष्ठित टीमो ने भाग लिया। लीग मैचों के दौरान खिलाडिय़ों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। आरबीएफसी नयायार्ड, यंग बॉयज नयायार्ड, एनएफसी 12 बंगला, फाइटर फुटबॉल क्लब मेजबान, ऑर्डनेंस फैक्ट्री, इटारसी और पुलिस लाइन पैरामाउंट क्लब, होशंगाबाद की टीमें शामिल हुईं। अंडर-14 और अंडर-17 वर्ग के बच्चों ने तकनीकी रूप से उन्नत खेल का प्रदर्शन किया। इटारसी के उभरते खिलाडिय़ों ने अपने प्रतिद्वंद्वी टीमों को कड़ी टक्कर देते हुए मैदान पर अपनी श्रेष्ठता साबित की। कोच और खेल प्रेमियों ने बच्चों के तालमेल और गोल करने के जज्बे की जमकर सराहना की। आयोजन समिति के अनुसार, इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के छोटे बच्चों को पेशेवर फुटबॉल का अनुभव प्रदान करना और जिले स्तर पर एक मजबूत फुटबॉल संस्कृति विकसित करना है। आगामी दिनों में इन टीमों के बीच फाइनल मुकाबलों के लिए जंग और तेज होगी। आयोजन समिति के सचिव पप्पू चौधरी, निपुण गोठी, सत्यम अग्रवाल, गोलू मालवीय, मौसम रघुवंशी, श्याम राजपूत एवं अन्य खिलाड़ी भारी मात्रा में मैच देखने पहुचे।

## 2 जनवरी को आयोजित होगा विशाल सकल हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



आगामी 2 जनवरी शुक्रवार को अभिमन्यु बस्ती स्थित वृंदावन गार्डन में विशाल हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत संगीतमय भव्य रुद्राभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आचार्य पंडित सोमेश परसाई के सान्निध्य एवं मुख्य आतिथ्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक सम्पन्न होगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति व सनातन मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन, तथा सामाजिक एकता के सुदृढ़ीकरण का संदेश देना है। तैयारियों को लेकर आज श्रीजी गौशाला में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं जनसहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यक्रम को भव्य रूप से संपन्न कराने हेतु जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं। हिंदू सम्मेलन के संयोजक मनीष सिंह ठाकुर ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधने एवं सनातन सांस्कृतिक चेतना के जागरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## शौर्य व शहादत की स्मृति : सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने इटारसी में बांटे कंबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सिखों के दसवें गुरु, श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के चार साहिबजादों और माता गुजरी के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए नर्मदापुरम-नरसिंहपुर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने मानवता की सेवा का संकल्प दोहराया। 21 से 27 दिसंबर तक मनाए जाने वाले शहीदी सप्ताह के अवसर पर सांसद ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए इटारसी में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।सांसद श्री चौधरी ने इटारसी रेलवे ओवरब्रिज के ऊपर और रेलवे स्टेशन परिसर में पहुंचकर रात्रि विश्राम कर रहे और खुले में रह रहे लोगों को कंबल भेंट किए। इस दौरान उन्होंने कहा गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों—अजीत सिंह जी, जुझार सिंह जी, जोरावर सिंह जी और फतेह सिंह जी ने धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, वह विश्व इतिहास में अद्वितीय है। उनकी स्मृति में की गई यह सेवा उनके चरणों में एक विनम्र श्रद्धांजलि है।इस सेवा कार्य के दौरान भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रशांत अग्रवाल सदस्य, जिला विकास समिति, विवेक जैन, सन्नी छाबड़ा पूर्व जिला उपाध्यक्ष, भाजपा, शिवकांत मालवीया सोशल मीडिया प्रभारी विनोद बघेल एवं अन्य गणमान्य नागरिक। उल्लेखनीय है कि दिसंबर का यह सप्ताह सिख इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी सप्ताह में साहिबजादों ने अपनी छोटी सी आयु में मुगल अत्याचारों के सामने झुकने के बजाय शहादत को चुना था। भारत सरकार द्वारा अब इसे वीर बाल दिवस के रूप में भी व्यापक स्तर पर मनाया जाता है।

## मनाया बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह शहीदी दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर के गुरुनानक पब्लिक स्कूल में शनिवार को बाबा जोरावर सिंह तथा बाबा फतेह सिंह के शहीदी दिवस पर भावात्मक आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने शहीदी प्रसंग पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की। सिख समाज धर्मगुरु ज्ञानी सुरजीत सिंह ने बताया कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की याद में उनकी शहीदी को याद कर छोटे-छोटे स्कूली बच्चों ने अपनी कला से उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य किया।

स्कूल में ऐसे शहीदों को याद करके नव पीढ़ी को एक नई दिशा देने का कार्य किया जाता है। ज्ञानी सुरजीत सिंह ने बताया कि बच्चों को हमारे शहीदों की जीवनी तथा हमारे गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना भी आवश्यक है। कार्यक्रम दौरान ज्ञानी सुरजीत सिंह, पूजा पुरोहित, रितु पुरोहित एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय संगीतमय श्रीमदभागवत कथा का तीसरा दिन

# भगवान अपने भक्तों को लड़ने की शक्ति देते हैं: राधा देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्थानीय वृन्दावन गार्डन में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमदभागवत कथा के तीसरे दिन की कथा सुनाते हुए ब्रजभूमि गोवर्धन से पधारी साध्वी राधादेवी ने ध्रुव, प्रहलाद आदि आदि भक्तों की कथा सुनाते हुए कहा कि जो भी भक्त भगवान पर सच्चा पूर्ण विश्वास करता है, तो भगवान उसकी रक्षा तो करते ही है। साथ साथ अपने भक्तों को संकट से लड़ने की शक्ति भी देते हैं।

जैसे ध्रुव और प्रहलाद सहित गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों को किस प्रकार उन्हें शक्ति दी थी, कि मौत सामने खड़ी है फिर भी अपने धर्म को नहीं छोड़ा। जिंदा दीवार में चुनवा दिए गए, परन्तु हंसते हंसते गुरु नाम सुमिरन करते रहे। प्रहलाद को बहुत कष्ट दिया उसके ही पिता हिरण्यकशिपु ने परन्तु प्रहलाद ने अपना निश्चय नहीं छोड़ा और भगवान का स्मरण करते रहे। आखिर दुष्ट के अत्याचार को देखकर भगवान क्रोधित हो उठे और नृसिंह रूप धारण कर हिरण्यकशिपु का अंत किया। प्रहलाद को भक्ति के साथ साथ राज्य सिंहासन पर बैठाकर सदैव ही उसकी रक्षा की। ऐसे दीन दयालु को कभी नहीं भूलना चाहिए। कथा में महामंडलेश्वर भैयादास महाराज जो कि पिछले 37वर्षों से कभी लेटते ही नहीं हैं वह भी मंच पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आज सभी को जात-पात को छोड़कर संगठित रहकर अपने भविष्य की रक्षा करनी है क्योंकि माला की कीमत होती है बिखरे हुए मोतियों की नहीं। तो आज हम सब हिन्दू सिख जैन बौद्ध सभी को संगठित होने की जरूरत है। वरना एक एक कर सभी को मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा।




कथा आयोजक सेवन स्टार ग्रुप के सदस्य जसवीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। समस्त धार्मिक अनुष्ठान वृंदावन गार्डन, इटारसी में संपन्न होंगे। श्री छाबड़ा के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक वातावरण को बढ़ावा देना और समाज में शांति व सद्भाव का संदेश फैलाना है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वृंदावन गार्डन में व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में धार्मिक जन कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं।

## वैश्य महासम्मेलन की बैठक में संगठन विस्तार पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश के सबसे बड़े संगठन वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल के निवास पर हुई। बैठक में मुख्य रूप से इटारसी तहसील की नवनियुक्त अध्यक्ष अंजू गुप्ता का पुष्पहार और पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

भविष्य की योजनाओं पर हुआ मंथन बैठक के दौरान संगठन की मजबूती और भविष्य की कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में आगामी त्योहारों, विशेषकर मकर संक्रांति और बसंत पंचमी के आयोजन को लेकर भी रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में जयश्री, रेखा अग्रवाल, रंजीता, मंजुला, भावना अग्रवाल, आशा भारद्वाज, रीना बंग, डॉली गुप्ता और डॉ. पूजा गुप्ता सहित संगठन की अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहीं। श्रद्धा अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण हेतु रोल प्रेक्षक आज लेंगे बैठक

**हरदा।** नर्मदापुरम संभाग के जिलों में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के लिए आयुक्त, नर्मदापुरम संभाग के.जी. तिवारी को रोल प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। तिवारी जिले के सांसद/विधायक और विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की शिकायतों व समस्याओं के निराकरण हेतु जिले का भ्रमण कर बैठक लेंगे। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व नागरिक मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के संबंध में रोल ऑब्जर्वर से भेंट कर सकते हैं। संयुक्त आयुक्त विकास नर्मदापुरम ने बताया कि हरदा जिले के यह बैठक आज दोपहर 3.30 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। सभी संबंधितों को निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित रहने के लिये कहा गया है।

### पथ विक्रेताओं को मिल रहा है 15 हजार का ऋण

**हरदा।** नगर पालिका परिषद् हरदा द्वारा शहर के छोटे दुकानदारों और पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए शासन की महत्वपूर्ण योजना ह्यपीएम स्वनिधि योजनाह्ल का संचालन किया जा रहा है। योजना के वर्तमान चरण में पात्र विक्रेताओं को अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए सरकारी बैंकों के माध्यम से 15 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार ने बताया कि योजना का लाभ लेने के इच्छुक पथ विक्रेता अपना आवेदन नगर पालिका हरदा की शहरी आजीविका मिशन शाखा में जाकर जमा कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदकों को आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर तथा विक्रय (सामान बेचते हुए) करते हुए एक फोटो लाना अनिवार्य है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने क्षेत्र के सभी पात्र पथ विक्रेताओं से अपील की है कि वे जल्द से जल्द शहरी आजीविका मिशन शाखा में संपर्क कर इस सरकारी योजना का लाभ उठाएं। योजना के संबंध में भारत सरकार के आधिकारिक पीएम स्वनिधि पोर्टल के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

---

### अग्रवाल समाज का दो दिवसीय 29वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

# एक दर्जन जोड़ों के बीच विवाह बंधन में बंधने पर प्रारंभिक सहमति बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



रविवार को अग्रवाल समाज का दो दिवसीय 29वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ। इस आयोजन में मध्य प्रदेश सहित 13 अन्य राज्यों से 1000 से अधिक युवक-युवतियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 350 युवतियां और 650 युवक शामिल थे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समय की बचत करते हुए योग्य जीवनसाथी खोजने में मदद करना था। इस परिचय सम्मेलन के दौरान लगभग एक दर्जन जोड़ों के बीच विवाह बंधन में बंधने पर प्रारंभिक सहमति बनी है। यह आयोजन समाज के युवाओं को एक मंच पर अपनी पसंद और अपेक्षाएं साझा करने का अवसर प्रदान करता है। मंच से परिचय देते हुए युवतियों ने अपनी पसंद स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि उन्हें नौकरी के साथ-साथ व्यवसाय करने वाले और आत्मनिर्भर युवक की तलाश है। उनकी अपेक्षा है कि भावी जीवनसाथी किसी भी प्रकार के व्यसन से मुक्त हो और उनकी इच्छाओं का सम्मान करे। कई युवतियों ने अपनी खूबियां गिनाते हुए यह भी कहा कि वे शादी के बाद अपने जीवनसाथी और ससुराल वालों से अपनी योग्यता का उपयोग कर आगे बढ़ने में सहयोग की अपेक्षा रखती हैं। कुछ युवतियों ने यह भी कहा कि वे चाहती हैं कि उनका जीवनसाथी अपने माता-पिता की तरह ही अपने सास-ससुर का भी सम्मान करे।

#### अपनी भावी जीवनसाथी से जुड़ी अपेक्षाएं साझा की

वहीं, युवकों ने अपनी भावी जीवनसाथी से जुड़ी अपेक्षाएं साझा कीं। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसी हमसफर की तलाश है जो परिवार के बीच रहकर सभी सदस्यों का सम्मान करे और उन्हें साथ लेकर चले। ज्यादातर युवाओं ने एक ऐसे जीवनसाथी की इच्छा व्यक्त की जो उन्हें समझे, घर-परिवार की देखभाल करे और सभी का आदर-मान सम्मान करे। युवकों ने मंच पर अपनी शिक्षा, मासिक वेतन और व्यवसाय के बारे में सिलसिलेवार जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने अपनी खूबियां बताईं और जीवनसाथी से जुड़ी अपनी अपेक्षाओं को स्पष्ट किया। समाज के अतिथियों ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह परिचय सम्मेलन अग्रवाल समाज के शिक्षित युवा बेटे-बेटियों को एक-दूसरे से परिचित कराने और रिश्ते तय करने का मंच प्रदान करता है।

---

### विश्व हिंदू परिषद की दो दिवसीय प्रांतीय बैठक संपन्न

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर 1971 जैसी कार्रवाई करने की मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) की दो दिवसीय प्रांतीय बैठक रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर में हुई। इस बैठक में मध्य प्रांत के 32 जिलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। विहिप ने केंद्र सरकार से बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे हमलों को लेकर 1971 जैसी कार्रवाई करने की मांग की है। बैठक के दौरान संगठन की आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न विषयों पर अलग-अलग सत्रों में चर्चा हुई। समापन सत्र में केंद्रीय मंत्री अजय पारीख ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया और संगठन को मजबूत करने का मंत्र दिया। इस प्रांतीय बैठक में केंद्रीय प्रन्यासी मंडल की बैठक में पारित दो प्रमुख प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। इनमें 'देश में जिहादी चुनौतियां और उनका समाधान' और 'धार्मिक अल्पसंख्यक की योग्य एवं तार्किक परिभाषा करने की आवश्यकता' शामिल थे।

#### संगठनात्मक के अतिरिक्त दो अन्य विषयों पर चर्चा हुई

संगठनात्मक विषयों के अतिरिक्त, दो अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी गंभीरता से चर्चा हुई। इनमें राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ और मंदिरों की दान राशि व चल-अचल संपत्ति का उपयोग केवल हिंदू समाज के हित में करने का निर्णय शामिल है। आगामी कार्यक्रमों में 5 से 20 फरवरी तक धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान और 19 से 31 मार्च तक प्रत्येक समिति द्वारा श्री राम जन्मोत्सव का आयोजन शामिल है। मई-जून में बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी और परिषद के प्रशिक्षण वर्गों की योजना भी बनाई गई है। बैठक में प्रांत कार्यसमिति, विभाग और 32 जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला मंत्री, सह मंत्री, जिला कोषाध्यक्ष सहित लगभग 179 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में पूज्य संत महंत हनुमान दास महाराज, संत भोजपाली बाबा, प्रांत अध्यक्ष के एल शर्मा, केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्र पालक अजय पारीख, प्रांत मंत्री नवल भदोरिया, प्रांत उपाध्यक्ष पप्पू वर्मा और प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह सहित अन्य अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक के समापन पर सभी को मां नर्मदा का जल वितरित किया गया।

---

### झंडा वंदन कर वंदे मातरम से की शुरुआत

# जिला कार्यालय पर कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस मनाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी का 140 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत झंडा वंदन कर वंदे मातरम से शुरू किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं ने सभी साथियों को कहा की आज देश के हालात बहुत खराब है। आज एक ऐसी विचारधारा देश को बांटने का काम कर रही है। जिसका देश की आजादी में कोई योगदान नहीं रहा है।

देश को धर्म के नाम पर बाटा जा रहा है हमें गांव गांव जा कर करीबी से किसानों से संवाद कर उन्हें बताना होगा कि कांग्रेस पार्टी की स्थापना का उद्देश्य ही यही था कि गांव गरीब और किसानों का उत्थान हो कांग्रेस पार्टी ने सुई से लेकर हवाई जहाज तक का निर्माण किया। अनेक संस्थाएं बनाई शिक्षा स्वास्थ्य और गरीबों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई कई कानून बनाए जिससे देश का भला हो सके कांग्रेस पार्टी ने सत्ता का विकेंद्रीकरण किया। आज देश की संस्थाओं को बेचा जा रहा अडानी अंबानी को देश बेचा जा रहा है। सत्ता का केंद्रीयकरण किया जा रहा है। कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर रामकिशोर दोगने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय समन्वयक हेमंत टाले, ब्लाक अध्यक्ष गोविंद व्यास, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश यादव, सूरज सिंह राजपूत, हरिमोहन शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष सुरेन्द्र बिश्नोई, ब्लाक अध्यक्ष संजय भायरे, जिला प्रवक्ता आदित्य गार्गव, इकबाल अहमद, नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष योगेश चौहान ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कैलाश चतुर्वेदी राघवेंद्र पारे, ओम सोलंकी, हयात खान, गोरेलाल सिसोदिया, सेवादल अध्यक्ष सहीद खान सभी वरिष्ठजनों का स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में नितिन जोशी जावेद पटेल हरीश गुप्ता राजेश नागराज श्रवण गिनारे सतीश भादू मुबारिक शाह सुनील गीते अरुण तिवारी प्यारेलाल सोलंकी अभिषेक जानी कैलाश पटेल बंटी वर्मा दिनेश विशकर्मा अजय राजगुरे सहित अन्य साथी उपस्थित थे।

---

### टिमरनी कॉलेज में आयोजित किया कार्यक्रम

# ग्राफिक्स, डिजाइनिंग का प्रशिक्षण दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

भाऊसाहेब भुस्कुटे शासकीय महाविद्यालय, टिमरनी में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एनीमेशन एवं ग्राफिक्स डिजाइनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोजगारोन्मुखी एवं रोजगारपरक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के. जैन ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में एनीमेशन एवं ग्राफिक्स डिजाइनिंग शिक्षा, व्यापार, मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म सहित लगभग प्रत्येक क्षेत्र की अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अरुण कुमार सिकरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में छोटे से छोटे व्यवसाय के लिए भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सशक्त उपस्थिति अत्यंत आवश्यक हो गई है। युवा अधिकारी डॉ. राजकुमार वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि तकनीकी एवं रचनात्मक कौशल वर्तमान युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए द्वार खोलते हैं।प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा कार्यक्रम संयोजक डॉ. पंकज खैरनार द्वारा प्रस्तुत की गई। विषय विशेषज्ञ संजय अग्रवाल ने ग्राफिक्स एवं एनीमेशन विषय की आवश्यकता, बारीकियों तथा इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को ग्राफिक्स एवं एनीमेशन का पूर्णतः व्यावहारिक (प्रैक्टिकल) ज्ञान प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभिषेक अग्रवाल ने सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण ढंग से किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. श्रीकांत गंगवार द्वारा किया गया।

---

### अजाकस से जुड़े लोगों की रणनीति बनी

# आज वर्मा के समर्थन में अवकाश पर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



अजाक्स संघ की प्रांतीय निर्देशानुसार हरदा जिला मुख्यालय पर रविवार को एक जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में प्रदेश भर में ज्ञापन और आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। अजाक्स संघ ने निर्णय लिया है कि अनुसूचित जाति जनजाति के कर्मचारी आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में आज सोमवार सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इसके बाद, 6 जनवरी को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन के अगले चरण में, 13 जनवरी, 2026 को एससी-एसटी महिला संगठन रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद, 18 जनवरी, 2026 को आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में भोपाल में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। भोपाल में होने वाली जनसभा में अनुसूचित जाति जनजाति से संबंधित विधिक प्रकरणों, आरक्षण, पदोन्नति और एक लाख बैकलॉग पदों के संबंध में रैली निकाली जाएगी। जिले से भी अनुसूचित जाति जनजाति के सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भोपाल पहुंचेंगे। बैठक में अजाक्स जिला अध्यक्ष सुनील चौरे, कार्यकारी जिला अध्यक्ष देवीदयाल सिंगौरे, पूनम घाटे, तुकाराम चौरे, कमलेश सेजकर, कैलाश बिलारे, अरुण कुमार गुर्जरभोज, एससी-एसटी युवा संघ प्रदेश अध्यक्ष राहुल पवारे, भीम आर्मी संभागीय अध्यक्ष महेंद्र काशिव मेहरा आदि मौजूद थे।

---

### बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

# बालिका में रागनी, बालक वर्ग में अनस प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव




कमल युवा खेल महोत्सव इंडोर स्टेडियम टिमरनी में बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कमल युवा खेल महोत्सव के अंतर्गत बालक एवं बालिका वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन इंडोर स्टेडियम, खेल एवं युवा कल्याण विभाग में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा महामंत्री अंकित कनेरे, पार्षद गुलशन चौरसिया, बाबा पटेल एवं अक्षय सांडिल उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेलों को युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम बताया। प्रतियोगिता के सफल एवं अनुशासित संचालन में रेफरी की भूमिका कुंदन केथवास जी एवं गगन बोरसे ने निभाई। ब्लॉक समन्वयक हिना अली ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता परिणाम में बालिका वर्ग में प्रथम रागनी सोलंकी, द्वितीय अंशिका सोनी, तृतीयकर्णिका नरवरे रही, इसी परकर बालक वर्ग में प्रथमअनस अली, द्वितीय सक्षम गौर, तृतीय कृष्णा पाटिल रहा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी दिनांक 9 जनवरी 2026 को हरदा में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के साथ-साथ विशेष सहयोग के रूप में संजए जक्ताप, गोपाल सिंह, कमलेश कौशल सोने के लिए, राजनन्दनी, मोनिका चंदेल, रिजवान अली एवं देवेंद्र भाटी का सराहनीय योगदान रहा।

---

### ब्राह्मण समाज हरदा द्वारा हनुमत शक्ति जागरण होगा

# जिले के मंदिरों में 31 को शाम 7 बजे एक साथ किया जाएगा पांच हनुमान चालीसा का पाठ

**हरदा।** ब्राह्मण समाज हरदा द्वारा हनुमत शक्ति जागरण विगत 3 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 31 दिसंबर की शाम ठीक 7:00 बजे मंदिरों में हनुमान चालीसा किए जाने हेतु आग्रह किया जाता है। संपूर्ण जानकारी देते हुए ब्राह्मण समाज धर्म प्रकोष्ठ प्रभारी आचार्य पं. प्रफुल्ल दुबे ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिले के समस्त मंदिरों में हनुमत शक्ति जागरण के तहत पांच हनुमान चालीसा पाठ किया जाना प्रस्तावित है। पंडित दुबे ने बताया की हनुमान चालीसा का पाठ समय साधना को ध्यान में रखते हुए ठीक सायं



7:00 बजे प्रारंभ हो जाएगा। ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित रजनीश शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण समाज वर्ष 2022 से प्रति शनिवार भी हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन करता है जो वर्तमान तक 163 शनिवार पूर्ण कर चुका है। श्री शर्मा ने बताया कि हनुमत शक्ति जागरण के तहत लिक कॉलोनी स्थित महादेव शिव मंदिर महिलाओं हेतु आरक्षित किया गया है। जिसमें सभी सनातनी महिला मातृशक्ति द्वारा हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। ब्राह्मण समाज सचिव पं. उदय बेलापुरकर एवं कोषाध्यक्ष पं. राकेश जोशी ने बताया की 31 दिसंबर को होने वाले इस आयोजन की अधिकतर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। प्रत्येक मंदिरों में इस हेतु संपर्क कर लिया गया है। समिति के सदस्यों को भी इस हेतु कार्य सौंपे जा चुके हैं।

---

### गुर्जर समाज ने की अनूठी प्रेरणादायक पहल

# दहेज नहीं लेने वाले 72 परिवारों का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अलग खबर

भुआणा प्रांतीय गुर्जर सभा हरदा की कार्यकारणी बैठक रविवार को हुई। जिसमें जिन सामाजिक बंधुओ ने अपने पुत्र के विवाह समारोह मे दहेज रूप में नकदी रुपये आदि नहीं लेकर समाज उत्थान का कार्य किया है। समाज के मीडिया प्रभारी अशोक गुर्जर ने बताया कि ऐसे सामाजिक बंधुओ का श्री भुआणा प्रांतीय गुर्जर सभा हरदा द्वारा स्वागत किया गया। सामाजिक बंधुओ से



2020 से आज तक जिस सामाजिक व्यक्ति ने अपने बेटे के विवाह मे किसी भी प्रकार का दहेज नही लिया है। इन पाँच सालो मे समाज सेवियो ने समाज के नियमो क पालन कर दहेज ना लेकर प्रेरणा दी है। श्री गुर्जर मंगल भवन हरदा में श्री भुआणा प्रांतीय गुर्जर सभा हरदा की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें कोरोना काल से अब तक जिन सामाजिक बनधुओ द्वारा अपने पुत्रों के विवाह समारोह में दान दहेज नहीं लिया है उन 72 परिवार का का सम्मान किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री भुआणा प्रांतीय गुर्जर सभा के अध्यक्ष रामकृष्ण दुगया द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ रामकिशोर दोगने विधायक, हरनारायण गुर्जर साहब एडवोकेट, हरगोबिंद मुकाती, हरिप्रसाद मुकाती , ओम मोरछलै एडवोकेट, ठाकुर लाल, यशोदा पाटिल, लाजवंती पाटिल, राकेशछापरे उपस्थित थे। संचालन संजय बिजगांवने द्वारा किया गया।